# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 54 | बिजौलिया - मंगलवार,06 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## ब्लैक स्पॉट से लेकर ड्राइवर की थकान तक... अब जिलेवार बनेगा सड़क हादसों का रोडमैप

### सिर्फ प्लान बनाने से नहीं घटेंगे हादसे, 7 दिन में एक्शन प्लान देने के निर्देश; eDAR पर हर दुर्घटना का पूरा और सही डेटा दर्ज करना होगा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

सड़क हादसों में कमी लाने के लिए अब राजस्थान में एक ही फार्मूले के बजाय हर जिले की सड़क, हादसों के कारण और ब्लैक स्पॉट के हिसाब से अलग रणनीति लागू की जाएगी। दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान से लेकर सड़क की इंजीनियरिंग खामियों, ट्रैफिक मैनेजमेंट, वाहन चालकों की ट्रेनिंग और नियमों के पालन तक हर पहलू को जिला स्तरीय एक्शन प्लान में शामिल किया गया है। सरकार ने साफ किया है कि कागजों में योजना बनाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि तय गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से जमीन पर उतारना होगा। इसी को लेकर परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने सोमवार को सभी जिलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर कार्ययोजनाओं की समीक्षा की।

उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशों के तहत परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (ड्ब्लूएचओ) के सहयोग से तैयार किए जा रहे इन जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा एक्शन प्लान का उद्देश्य हादसों के साथ-साथ उनमें होने वाली मौतों को न्यूनतम करना है। बैठक की अध्यक्षता परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के प्रमुख सचिव भवानी सिंह देथा ने की। बैठक में परिवहन आयुक्त पुरुषोत्तम शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त सड़क सुरक्षा निधि सिंह, ड्ब्लूएचओ के प्रतिनिधि डॉ. अशील सहित विभिन्न जिलों की सड़क सुरक्षा समितियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।



**हर जिले की सड़क, हर जिले की समस्या... उसी हिसाब से होगा प्लान**

प्रमुख सचिव भवानी सिंह देथा ने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहां ड्ब्लूएचओ के समन्वय से प्रत्येक जिले की स्थानीय परिस्थितियों और दुर्घटना के आंकड़ों के आधार पर अलग-अलग सड़क सुरक्षा कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी जिले में हादसों का कारण खराब सड़क हो सकता है तो कहीं तेज रफ्तार, यातायात प्रबंधन की कमी या चालक की लापरवाही बड़ी वजह हो सकती है। ऐसे में सभी जिलों पर एक जैसी रणनीति लागू करने के बजाय स्थानीय जरूरत के अनुसार कार्रवाई जरूरी है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तैयार किए गए एक्शन प्लान को गंभीरता से लागू किया जाए। साथ ही सभी जिलों को अगले 7 दिन में अपना जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा एक्शन प्लान परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

**ब्लैक स्पॉट पर सिर्फ बोर्ड लगाकर जिम्मेदारी खत्म नहीं होगी**

परिवहन आयुक्त पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि जिला स्तर पर तैयार योजनाओं में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट और संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया गया है। अब इन स्थानों पर केवल चेतावनी संकेतक या बोर्ड लगाकर जिम्मेदारी पूरी नहीं मानी जाएगी। यह पता लगाना होगा कि वहां बार-बार हादसे आखिर क्यों हो रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को सड़क की तकनीकी खामियों को दूर करने, ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार, आवश्यक इंजीनियरिंग उपाय करने और नियमों का प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इन स्थानों पर किए गए कार्यों की नियमित समीक्षा भी की जाएगी।

**चालक की ट्रेनिंग पर भी रहेगा जोर**

सड़क सुरक्षा के लिए वाहन चालकों के प्रशिक्षण को भी अहम कड़ी माना गया है। प्रमुख सचिव ने चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग, गति नियंत्रण, यातायात नियमों और थकान की स्थिति में वाहन नहीं चलाने के संबंध में नियमित प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। अधिकारियों से कहा गया कि सड़क सुरक्षा को केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी न मानते हुए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें। आमजन को जागरूक करने के लिए भी नियमित अभियान चलाए जाएं।

**हादसे का डेटा गलत हुआ तो रणनीति भी होगी कमजोर**

बैठक में दुर्घटनाओं के आंकड़ों की शुद्धता पर भी विशेष जोर दिया गया। अतिरिक्त आयुक्त सड़क सुरक्षा निधि सिंह ने अधिकारियों को दृष्टक पोर्टल पर दुर्घटनाओं से जुड़ा सही, पूरा और समयबद्ध डेटा अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हादसे के वास्तविक कारणों का विश्लेषण और भविष्य की सड़क सुरक्षा रणनीति तैयार करने के लिए प्रमाणिक डेटा जरूरी है। डेटा में गलती या अधूरी जानकारी रहने पर हादसों के कारणों की सही तस्वीर सामने नहीं आएगी और उसके आधार पर बनाई जाने वाली रणनीति भी प्रभावित हो सकती है।

**WHO ने जिलेवार रणनीति को बताया प्रभावी कदम**

ड्ब्लूएचओ प्रतिनिधि डॉ. अशील ने जिला आधारित सड़क सुरक्षा कार्ययोजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि अलग-अलग जिलों में सड़क की स्थिति, यातायात का स्वरूप और दुर्घटनाओं के कारण अलग हो सकते हैं। इसलिए स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर तैयार योजना को जमीन पर लागू करना अधिक प्रभावी साबित हो सकता है। उन्होंने प्राथमिकताओं के अनुसार विभागों के बीच समन्वय और नियमित मॉनिटरिंग की जरूरत बताई।

जिला स्तरीय कार्ययोजना में ब्लैक स्पॉट, दुर्घटना संभावित क्षेत्र, हादसों के कारण, सड़क सुरक्षा जागरूकता, यातायात प्रवर्तन, चालक प्रशिक्षण और सड़क इंजीनियरिंग में सुधार जैसे बिंदुओं को शामिल किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य इन योजनाओं के जरिए हादसों की वजह को चिन्हित कर हादसा होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय हादसा होने से पहले उसे रोकने की व्यवस्था मजबूत करना है।

## एएनटीएफ का नशे पर व्रज प्रहार : रोडवेज बस में छिपाकर ले जा रहे थे डोडा-चूरा

### नाकाबंदी में पकड़े गए पंजाब के दो तस्कर,17.980 किलो डोडा-चूरा बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में टीम ने माण्डल चौराहा से रायला की ओर आ रही रोडवेज बस में कार्रवाई करते हुए 17.980 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद किया। मामले में पंजाब निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

भीलवाड़ा एएनटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि एक रोडवेज बस में दो संदिग्ध व्यक्ति सवार हैं, जिनके पास अवैध मादक पदार्थ हो सकता है। सूचना पर एएनटीएफ ने रायला पुलिस को जानकारी देकर संयुक्त रूप से थाने के सामने नाकाबंदी कराई।

नाकाबंदी के दौरान भीलवाड़ा की ओर से झुंझुनूं डिपो की रोडवेज बस आती दिखाई दी। पुलिस ने बस को रुकवाकर तलाशी ली। इस दौरान दो युवक पीठ पर बैग लटकाए नजर आए। पुलिस को देखकर दोनों घबरा गए। संदेह होने पर उनके बैग की तलाशी ली गई तो उनमें अवैध डोडा-चूरा मिला।



पुलिस ने मौके से 17.980 किलोग्राम डोडा-चूरा जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गगनदीप पुत्र धर्म सिंह, निवासी झंडाकल्ला, थाना शार्दूलगढ़, जिला मानसा (पंजाब) और स्वामी सिंह पुत्र शरण सिंह, निवासी झंडाकल्ला, थाना शार्दूलगढ़, जिला मानसा (पंजाब) के रूप में हुई है।

एएनटीएफ महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है।

## आवास की अगली किश्त के लिए मांगी रिश्वत, 10 हजार लेते निगम का संविदाकर्मी गिरफ्तार

### एसीबी ट्रैप में एक आरोपी पकड़ा गया, दूसरा भनक लगते ही भागा; पहली किश्त के बाद मांगे जा रहे थे 5 और 10 हजार रुपए

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्विंत ।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवार को मकान निर्माण के लिए मिलने वाली सरकारी सहायता की अगली किश्त भी रिश्वत के बिना आगे नहीं बढ़ाने का आरोप सामने आया है। कोटा नगर निगम से जुड़े दो संविदाकर्मियों पर किश्त जारी कराने के बदले रकम मांगने की शिकायत के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने ट्रैप कार्रवाई की। निगम कार्यालय के बाहर 10 हजार रुपए लेते हुए संविदाकर्मी अखिलेश मीणा को पकड़ लिया गया, जबकि कार्रवाई की भनक लगते ही उसका साथी संविदाकर्मी नरेश वर्मा मौके से निकल भागा। एसीबी अब फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।



मामला प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए स्वीकृत सहायता राशि से जुड़ा है। एसीबी के अनुसार परिवादी को मकान निर्माण के लिए 50 हजार रुपए की पहली किश्त मिली थी। आरोप है कि इसके बाद अगली किश्त जारी कराने के लिए अखिलेश मीणा और नरेश वर्मा ने उससे रिश्वत की मांग की। रकम नहीं देने पर आगे की किश्तों की स्वीकृति नहीं होने की बात कही गई।

शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की पड़ताल शुरू की। 1 अक्टूबर को रिश्वत मांग का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान अखिलेश मीणा द्वारा 10 हजार रुपए तथा नरेश वर्मा द्वारा 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी ने सोमवार को आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया। निर्धारित योजना के तहत परिवादी को नगर निगम कोटा के बाहर भेजा गया। जैसे ही अखिलेश मीणा ने परिवादी से 10 हजार रुपए लिए, एसीबी टीम ने उसे पकड़ लिया। कार्रवाई शुरू होते ही दूसरे आरोपी नरेश वर्मा को ट्रैप की भनक लग गई और वह मौके से फरार हो गया। टीम ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। एसीबी उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। एसीबी के एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार ने बताया कि शिकायत के सत्यापन के बाद पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। गिरफ्तार आरोपी अखिलेश मीणा से पूछताछ की जा रही है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है। यह कार्रवाई कोटा रेंज डीआईजी ओमप्रकाश मीणा के सुपरविजन तथा एसीबी कोटा एएसपी विजय स्वर्णकार के निर्देशन में डीएसपी अनिष अहमद के नेतृत्व में की गई। एसीबी अब फरार संविदाकर्मी नरेश वर्मा की भूमिका और रिश्वत मांगने से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## केवलादेव में पक्षियों की सुरक्षा और पानी की आवक पर जोर

### मुख्य सचिव ने गोल्फ कार्ट से किया घना का भ्रमण, प्रवासी पक्षियों का लिया जायजा; पर्यटक सुविधाएं बेहतर करने के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भरतपुर**

विश्व विरासत स्थल केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पक्षियों के प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने और पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने पर सरकार ने जोर दिया है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को केवलादेव घना का भ्रमण कर झीलों में पानी की उपलब्धता, पक्षियों की सुरक्षा और पर्यटकों के लिए मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि झीलों में पानी की आवक निरंतर बनी रहे और पक्षियों के अनुकूल प्राकृतिक वातावरण के साथ पर्यटक सुविधाओं का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव उद्यान के प्रवेश द्वार से गोल्फ कार्ट में सवार होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दूरबीन से ग्रे हेरॉन, पर्पल हेरॉन, ब्लैक नेक्ड स्टॉर्क, ग्रीन बी ईटर, पेंटेड स्टॉर्क और डार्टर सहित कई प्रजातियों के



पक्षियों को देखा। अधिकारियों से उन्होंने पक्षियों की प्रजातियों, उनके प्राकृतिक आवास और उद्यान में उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। भ्रमण के दौरान उन्होंने फ्रूट बैट का भी अवलोकन किया।

बर्ड व्यू टावर पर पहुंचकर मुख्य सचिव ने केवलादेव की झीलों, हरियाली और पक्षियों के प्राकृतिक आवास का विहंगम दृश्य देखा। उन्होंने यहां के प्राकृतिक वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि केवलादेव जैसे महत्वपूर्ण पक्षी आवास की जैव विविधता को बनाए रखना बेहद जरूरी है। वन्यजीव सप्ताह के तहत उन्होंने उद्यान परिसर में कदम्ब का पौधा भी लगाया और सप्ताह के दौरान आयोजित की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने केवलादेव स्थित भगवान केवलादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना भी की। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर उद्यान में आने वाले देशी एवं प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा, झीलों में जल उपलब्धता तथा पर्यटक सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि केवलादेव देश-दुनिया के पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। यहां पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखना और पर्यटकों को बेहतर अनुभव उपलब्ध कराना दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। इसके लिए झीलों में पानी की आवक बनाए रखने के साथ पर्यटकों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का नियमित रखरखाव किया जाए।

भ्रमण के दौरान मुख्य सचिव ने केवलादेव घना अभयारण्य में देशी-विदेशी अतिविशिष्ट व्यक्तियों के भ्रमण से संबंधित उल्लेखों वाली शिला पट्टिका का भी अवलोकन किया। इसके बाद कैंटीन स्थित ऐतिहासिक दीर्घा में पहुंचकर उन्होंने देशी और विदेशी पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों तथा उनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली।

उद्यान के निदेशक चेतन कुमार बी.वी. ने मुख्य सचिव को उद्यान में चल रहे विकास कार्यों, पर्यटक सुविधाओं, झीलों में पानी की आवक, पक्षियों की सुरक्षा और पर्यटन विकास से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान सीसीएफ पी. काथिरवेल, जिला कलेक्टर कमर चौधरी, पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा सहित पुलिस, प्रशासन और वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड बिजोलिया MO.8426904895

## बिजौलिया में पुलिस का एरिया डोमिनेशन अभियान, 19 गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

थाना क्षेत्र में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने के लिए पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। चार पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 19 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें 13 को शांति भंग के मामलों में तथा छह को विभिन्न वारंटों के आधार पर पकड़ा गया। सीओ योगेश शर्मा के निर्देशन और थानाधिकारी स्वागत पांड्या के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान लड़ाई-झगड़े, पुलिस कार्रवाई में सहयोग नहीं करने और क्षेत्र में न्यूसेंस पैदा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार लोगों में नंदकिशोर सनाढ्य निवासी सलावटिया, अशोक कुमार गोस्वामी निवासी सलावटिया, राजेश कुमार टेलर निवासी छोटा दरवाजा बिजौलिया, जगदीश कंजर निवासी छोटी चिताबड़, गणेश लुहार निवासी इंद्रपुरा, कैलाश भील निवासी दानपुरा, पप्पू अली निवासी पुरोहितों का खेड़ा, मोतीलाल सैन निवासी आरोली, मुन्नाराम मेघवाल निवासी खानखेड़ा, सूरजमल रेगर निवासी जावदा, विष्णु मीणा निवासी लक्ष्मीपुरा, नंदलाल अहीर निवासी तिलस्वा, कालू बंजारा निवासी तिलस्वा, सुरेश यादव निवासी बामका हाल तिलस्वा, सत्यनारायण बलाई निवासी कल्याणपुरा, मोहनलाल भील निवासी सुखपुरा, रामलाल बंजारा निवासी गोवर्धनपुरा, तेजमल बंजारा निवासी गोवर्धनपुरा तथा जीतमल मीणा निवासी चेनपुरिया शामिल हैं।

अभियान के दौरान पुलिस ने पूर्व में आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम और संपत्ति संबंधी मामलों में चालानशुदा लोगों की भी जानकारी जुटाई। थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों का सत्यापन कर उनके संबंध में पूछताछ नोट तैयार किए गए। पुलिस ने बताया कि सभी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है। अभियान का उद्देश्य अपराधियों पर निगरानी बढ़ाने और थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना रहा।

## श्रीनाथजी स्वरूप में सजे सांवरिया सेठ, भावविभोर हुए श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नौगांवा स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में सोमवार को भक्ति और आस्था का अलौकिक नजारा देखने को मिला। मंदिर में विराजमान प्रभु सांवरिया सेठ का श्रीनाथजी स्वरूप में मनोहारी श्रृंगार किया गया। पीत-वस्त्र, मोरपंखी मुकुट, बहुमूल्य आभूषण और रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों से सजे प्रभु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि प्रभु के दिव्य स्वरूप को लाल पृष्ठभूमि और चांदी के अलंकृत सिंहासन ने और आकर्षक बना दिया। गर्भगृह को पीले गेंदे और गुलाबी फूलों की मालाओं से सजाया गया। श्रीनाथजी स्वरूप में प्रभु के दर्शन होते ही श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मंदिर परिसर दिनभर 'जय श्री सांवरिया सेठ' के जयकारों से गूंजता रहा। मंदिर में आगामी 1 नवंबर को दसवां पाठ उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्सव की तैयारियों को लेकर जल्द ही बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय करने के साथ विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा।

## जफर हुसैन मीर यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निर्वाचित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



यूथ कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक चुनाव में भीलवाड़ा के जफर हुसैन मीर प्रदेश महासचिव निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम के बाद उनके समर्थकों और युवा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। मीर ने अपनी जीत के लिए युवा कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसे निभाने के लिए संगठन को मजबूत करने और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर सक्रियता से काम करेंगे।

उनकी जीत के बाद समर्थकों में उत्साह रहा और कार्यकर्ताओं ने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

## पप्पू बैरवा बने यूथ कांग्रेस जिला महासचिव

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।



बड़लियास क्षेत्र के सिंहपुरा गांव निवासी पप्पूलाल बैरवा को यूथ कांग्रेस में जिला महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन में सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया। नियुक्ति के बाद क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने पप्पूलाल बैरवा को बधाई दी। बैरवा ने संगठन की जिम्मेदारी का निर्वहन सक्रियता के साथ करने की बात कही।

## कांता कंवर बनीं यूथ कांग्रेस जिला महासचिव

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



राजस्थान यूथ कांग्रेस के भीलवाड़ा जिला महासचिव पद के चुनाव में कारोई निवासी कांता कंवर कारोई निर्वाचित हुई। चुनाव परिणाम के बाद यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। कांता कंवर की जीत पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए इसे संगठन में युवाओं और महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी से जोड़कर देखा। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि वे संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

## रामफूल धाकड़ युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निर्वाचित

### 19,063 मत प्राप्त कर दर्ज की जीत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



राजस्थान युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में मांडलगढ़-बिजौलिया क्षेत्र के रामफूल धाकड़ ने प्रदेश महासचिव पद पर जीत दर्ज की। धाकड़ को चुनाव में 19,063 मत प्राप्त हुए। धाकड़ इससे पहले मांडलगढ़ यूथ विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहने के बाद उन्हें अब प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिली है। प्रदेश महासचिव चुने जाने के बाद धाकड़ ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार जताया। उनकी जीत पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक

### संयुक्त कार्यक्रम, प्रेस कॉन्फ्रेंस और जिला स्तरीय मार्च की तैयारियों पर हुआ विचार-विमर्श

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कांग्रेस की ओर से प्रस्तावित 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत सोमवार को जिला स्तर पर बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ समन्वय और जिला स्तरीय मार्च की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और मतदाता अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रस्तावित कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की भागीदारी रहेगी। उन्होंने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटने की बात कही।

कुणाल ओझा ने अभियान के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में सहयोगी दलों के साथ संयुक्त बैठक और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने के साथ जिला स्तरीय मार्च को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में अनिल राठी, धर्मेंद्र पारीक, संजय पेड़ीवाल, राजेंद्र जैन, पार्षद



सत्यवीर सिंह राठौड़, योगेश सोनी, उस्मान पठान, दीपक पुरोहित, निसार सिलावट, शिव घावरी और नवनियुक्त शहर युवा अध्यक्ष अली हैदर सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केसर कुंज सोसायटी में पथ संचलन का पुष्पवर्षा से स्वागत

### सोसायटीवासियों ने स्वयंसेवकों का किया अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कमला विहार से निकला आरएसएस का पथ संचलन सोमवार को केसर कुंज सोसायटी पहुंचा, जहां सोसायटीवासियों ने स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भारत माता के जयघोष के बीच स्वयंसेवक अनुशासनबद्ध तरीके से आगे बढ़े।

चंद्रशेखर आजाद नगर माहेश्वरी समाज अध्यक्ष कमलेश काबरा के नेतृत्व में सोसायटीवासियों ने पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया।

बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चों ने भी पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

इस दौरान प्रमोद काबरा, विकल्प कोगटा, देवकरण मुंदड़ा, अंकित अग्रवाल, दिव्य लाटा, सौरभ समदानी, कुनाल मानसिहका, रौनक डाड, प्रीति काबरा, सपना काबरा, अनीता मुंदड़ा, सुनीता समदानी, शशि कोगटा, कविता लाटा, संध्या अग्रवाल, शीतल माहेश्वरी, ओसीन डाड, मधु डाड सहित सोसायटीवासी मौजूद रहे।



# वुशू के रिंग में प्रदेशभर के खिलाड़ियों का दमखम, जयपुर का दबदबा

### दूसरे दिन तालू में जयपुर ने जीते कई पदक, आज सेमीफाइनल-फाइनल में होगा चौंपियन का फैसला

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सुखाड़िया स्टेडियम में चल रही 20वीं जूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुकाबले रोमांचक दौर में पहुंच गए। प्रदेशभर से आए बालक-बालिका खिलाड़ियों ने रिंग में दमखम दिखाया, लेकिन तालू वर्ग में जयपुर के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सबसे ज्यादा प्रभावी रहा। कई मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार तकनीक और आक्रामक खेल का प्रदर्शन कर अगले दौर में जगह बनाई। अब मंगलवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुष एवं महिला वर्ग के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे, जिनमें राज्य चौंपियन का फैसला होगा। राजस्थान वुशू संघ एवं भीलवाड़ा जिला वुशू संघ के तत्वावधान में 4 से 6 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में सोमवार को तालू और शान्शु वर्ग के मुकाबले हुए। राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन अध्यक्ष गौरव आचार्य ने मुख्य अतिथि महिला थाना भीलवाड़ा की इंचार्ज मेघना त्रिपाठी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि त्रिपाठी ने तालू वर्ग में पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। आयोजन सचिव




नरेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को प्रतियोगिता के निर्णायक मुकाबले खेले जाएंगे। आयोजन अध्यक्ष गौरव आचार्य ने बताया की प्रतियोगिता के अंतिम दिन मंगलवार को पुरुष एवं महिला वर्ग के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे।

इन मुकाबलों के बाद विभिन्न भार वर्गों में राज्य स्तरीय विजेताओं का फैसला होगा।

# निधन के बाद भी रोशन होंगी दो जिंदगियां, काला परिवार ने कराया नेत्रदान

### समाजसेवी लाभचंद काला के निधन पर परिजनों की पहल, लायंस क्लब आई बैंक ने जताया आभार

भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया।

विकास जैन। चांदजी की खेड़ी निवासी समाजसेवी लाभचंद काला के निधन के बाद उनके परिजनों ने नेत्रदान की सहमति देकर मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की। सोमवार सुबह भीलवाड़ा में लाभचंद काला का असामयिक निधन हुआ। दुख की घड़ी में परिवार ने मरणोपरांत नेत्रदान का निर्णय लिया।



लाभचंद काला पुत्र स्व. प्रभुलाल काला के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को दृष्टि मिलने की उम्मीद है। परिजनों बसंतीलाल, निर्मल कुमार, दीपक कुमार, अशोक, राजेश, कैलाश सहित काला परिवार के सदस्यों ने नेत्रदान के लिए सहमति प्रदान की।

लायंस क्लब आई बैंक भीलवाड़ा ने परिवार के इस निर्णय के प्रति आभार जताया। नेत्रदान की प्रक्रिया में लायन विनोद जैन तथा लायंस क्लब स्टार के नीरज शाह (जैन) और दीपक जैन (काला) का सहयोग रहा।

क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि नेत्रदान से दो जरूरतमंद लोगों के जीवन में दृष्टि का



उजाला आने की संभावना है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।



QUICK BITES

## खटीक समाज का 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 नवंबर को, 101 जोड़ों का लक्ष्य

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

श्री शिव मंडल खटीक समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में खटीक समाज का 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 नवंबर को अहिंसा सर्किल स्थित खटीक समाज छात्रावास में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर समाज स्तर पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार 101 विवाह योग्य जोड़ों का सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है।

संस्थान की ओर से विवाह योग्य जोड़ों के पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है। अब तक 51 जोड़ों का पंजीकरण हो चुका है। अध्यक्ष बंसीलाल पटेल ने बताया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गई है। उन्होंने समाज के विवाह योग्य जोड़ों से अपील की कि निर्धारित तिथि से पहले अपना पंजीकरण करवाकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हों।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारियां की जा रही हैं। समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

महासचिव लक्ष्मीनारायण डीडवानिया ने समाजजनों से अपील करते हुए कहा कि जो भी परिवार अपने विवाह योग्य बेटे-बेटी का सामूहिक विवाह सम्मेलन में पंजीकरण करवाना चाहते हैं, वे बिना देरी किए संस्थान के कार्यालय पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंजीकरण करवाएं। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक एकता, सहयोग और फिजूलखर्ची पर रोक का संदेश देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

## सिंगोली श्याम धर्मशाला सेवा समिति के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न मदन दास वैष्णव बने नए अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



( रोशन वैष्णव)। श्री सिंगोली श्याम धर्मशाला सेवा समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। चुनाव में तीन प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया। मतदान के दौरान समाजबंधुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कुल 1975 मत पड़े।

चुनाव परिणाम घोषित होने पर मदन दास वैष्णव ने 1118 मत प्राप्त कर 504 मतों के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। वहीं बालूदास वैष्णव को 614 मत तथा जगदीश वैष्णव को 227 मत प्राप्त हुए। कुल 16 मत निरस्त घोषित किए गए।

परिणाम सामने आते ही मदन दास वैष्णव के समर्थकों एवं समाजबंधुओं में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने उनका स्वागत कर बधाई दी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष मदन दास वैष्णव ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने उन पर जो विश्वास और समर्थन जताया है, उसके लिए वे सभी के प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला सेवा समिति समाज की सेवा और विकास के लिए सभी समाजबंधुओं को साथ लेकर कार्य करेगी।

उन्होंने चुनाव में सहयोग करने वाले सभी समाजबंधुओं का धन्यवाद करते हुए समाज की एकता, सेवा और विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने पर समाज के लोगों ने भी राहत की सांस ली और नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं।




# 'आयुष्मान भवः आयुर्वेद' के आठवें संस्करण का ग्रंथ रूप में लोकार्पण

### आयुर्वेद उपचार पद्धति ही नहीं, स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली का आधार : वैद्य हंसराज चौधरी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी। आयुर्वेद को केवल रोगों के उपचार तक सीमित रखने के बजाय स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली का हिस्सा बनाने की जरूरत है। इसी सोच को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्री नवग्रह आश्रम सेवा संस्थापक वैद्य हंसराज चौधरी की कृति 'आयुष्मान भवः आयुर्वेद' के आठवें संस्करण का ग्रंथ रूप में लोकार्पण किया गया।



राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर एवं विनायक विद्यापीठ भुणास के तत्वावधान में आयोजित साहित्यकार एवं रचनाकार सम्मेलन के समापन समारोह में साहित्य जगत की प्रमुख हस्तियों की मौजूदगी में ग्रंथ का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लोकार्पण हुआ। स्वास्तिक चिन्ह की आकृति के मध्य हुए लोकार्पण ने समारोह को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान किया। वैद्य हंसराज चौधरी ने बताया कि 'आयुष्मान भवः' के सात संस्करण पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुके हैं। आठवें संस्करण को ग्रंथ का स्वरूप दिया गया है। इसमें रोगों और उनके उपचार के साथ स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, संयमित दिनचर्या, तनावमुक्त सोच और सकारात्मक जीवन से जुड़ी उपयोगी जानकारी को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को बीमारी होने के बाद अपनाने के बजाय दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। लंबे समय से कैंसर सहित विभिन्न रोगों के उपचार एवं सेवा कार्य से जुड़े चौधरी ने अपने अनुभवों के आधार पर ग्रंथ में आयुर्वेद से जुड़ी अनेक व्यवहारिक और उपयोगी जानकारियों को स्थान दिया है।

**संयमित खान-पान और तनावमुक्त जीवन पर जोर**

वैद्य चौधरी ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए संयमित खान-पान और तनावमुक्त जीवन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने उम्र बढ़ने के साथ भोजन में संयम बरतने, आवश्यकता के अनुसार तरल आहार को दिनचर्या में शामिल करने तथा शक्कर और गेहूं के अत्यधिक सेवन से बचने की बात कही। उन्होंने शरीर के साथ मन को स्वस्थ रखने पर भी जोर दिया।

**नवग्रह आश्रम में उपचार के साथ जागरूकता**

श्री नवग्रह आश्रम की गतिविधियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आश्रम में उपचार के साथ सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और सकारात्मक वातावरण निर्माण पर भी जोर दिया जा रहा है। रोगी के उपचार में औषधि के साथ उसका मनोबल, परिवार का सहयोग और सकारात्मक वातावरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने साहित्यकारों से साहित्य को तनावमुक्त जीवन, स्वस्थ जीवनशैली और बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा विकसित करने का माध्यम बनाने का आह्वान किया।

उनका कहना था कि स्वस्थ समाज का निर्माण चिकित्सा व्यवस्था के साथ सकारात्मक सोच और संस्कारों से भी संभव है।

समारोह में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र ओसवाल, प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राव, वरिष्ठ साहित्यकार उदय किरोला, डॉ. भेरूलाल गर्ग, श्याम पलट पांडेय, उमेश चौरसिया, डॉ. नीरज दइया, मुकेश नोटियाल, डॉ. मोहम्मद साजिद खान सहित राजस्थान एवं अन्य राज्यों से आए साहित्यकार मौजूद रहे। आयोजन में करीब 10 राज्यों के साहित्यकारों ने सहभागिता की तथा 13 साहित्यकारों का सम्मान किया गया।

# संत उम्मेदरामजी की स्मृति में सेवा कार्य, जरूरतमंद परिवारों को बांटी राशन किट

### 25 परिवारों को राशन सामग्री, अस्पताल में मरीजों को फल और गौशाला में गायों को गुड़-चारा खिलाया

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी। संत उम्मेदरामजी महाराज के निर्वाण महोत्सव की स्मृति को सेवा और परमार्थ से जोड़ते हुए सोमवार को शाहपुरा रामद्वारा में विभिन्न सेवा कार्य किए गए। श्री सेवा कार्य उम्मेद समिति, रामद्वारा गंगापुर की ओर से संत श्री गुरुमुखरामजी रामस्नेही की प्रेरणा से आयोजित सेवा कार्यक्रम में जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई।

शाहपुरा रामद्वारा में 25 जरूरतमंद परिवारों को राशन किट भेंट की गई। इस दौरान परिवारों ने सेवा सामग्री प्राप्त करने के साथ संतों का आशीर्वाद भी लिया। संत श्री गुरुमुखरामजी रामस्नेही ने कहा कि गुरु की स्मृति तभी सार्थक है, जब उनके बताए सेवा और परमार्थ के मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंदों की सहायता की जाए।

**अस्पताल में फल, गौशाला में गुड़-चारा**

सेवा कार्य के तहत जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। वहीं श्री पशुपतिनाथ गौशाला में गायों को गुड़ और चारा खिलाया गया। आयोजकों ने मानव सेवा के साथ जीव सेवा को भी सेवा अभियान का अभिन्न हिस्सा बनाया।

इसके अलावा रामनिवास धाम के मुख्य द्वार पर सुबह बच्चों के लिए कलेवा के रूप में पोहा वितरित किया गया। संस्कृत स्कूल और गुरुकुल के बच्चों ने भी इसमें सहभागिता की।



**'गुरु के उपदेशों को आचरण में उतारना ही सच्ची श्रद्धा'**

संत श्री गुरुमुखरामजी रामस्नेही ने संत उम्मेदरामजी महाराज को स्मरण करते हुए कहा कि गुरु के प्रति श्रद्धा केवल स्मरण और नमन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। गुरु के आदेश और उपदेशों को जीवन में उतारकर मानव सेवा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

उन्होंने कहा कि सेवा कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। जरूरतमंद की सहायता, बीमार की सेवा, भूखे को भोजन और जीव मात्र के प्रति करुणा भारतीय संत परंपरा की मूल भावना है।

संत उम्मेदरामजी महाराज के निर्वाण महोत्सव की स्मृति में आयोजित सेवा कार्यक्रम के माध्यम से इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संतों की प्रेरणा के साथ श्रद्धालुओं ने भी सहभागिता की।

# मेवाड़ धणी श्री गढ़बोर चारभुजा नाथ के दर्शन को काछोला से जत्था रवाना, गूंजे जयकारे

### विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर महाआरती में लिया भाग, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

मेवाड़ धणी श्री गढ़बोर चारभुजा नाथ के दर्शन के लिए कस्बे से श्री चारभुजा मंडल के सदस्यों का एक जत्था रवाना हुआ। जत्था श्री चारभुजा मंडल के सदस्य जगदीश चंद्र मंत्री एवं नवल कुमार टेलर के सानिध्य में गढ़बोर पहुंचा। यहां पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ भगवान श्री चारभुजा नाथ की पूजा-अर्चना की।

गढ़बोर चारभुजा मंदिर के पुजारी गोविंद राम ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के गले में बेल पहनाकर उनके घर-परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं को भगवान श्री गढ़बोर चारभुजा नाथ की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया।

श्रद्धालुओं ने मंदिर में विशेष परिक्रमा की और भगवान के दर्शन कर महाआरती में भाग लिया। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर भक्ति के रंग में रंग गया। श्रद्धालु



भगवान के भजनों पर जमकर झूमे और नृत्य किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्री चारभुजा नाथ के जयकारे लगाए, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर, जगदीश मंत्री, नवल कुमार टेलर, प्रदीप वैष्णव, चंद्रकला, रेखा, संगीता शाहिद आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# पंचायतराज चुनाव के लिए भाजपा ने संभाली कमान, प्रभारियों को मैदान में उतरने के निर्देश

### जिला कार्यालय में बैठक, संभावित दावेदारों की जानकारी जुटाने और संगठनात्मक तैयारी पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पंचायतराज चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही भाजपा ने ग्रामीण क्षेत्रों में संगठनात्मक तैयारियों को गति देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में हुई बैठक में पंचायत समिति और जिला परिषद क्षेत्रों की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में क्षेत्रवार जिम्मेदारी संभाल रहे प्रभारियों और समन्वयकों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय होकर आवश्यक जानकारी जुटाने के निर्देश दिए गए।

अजमेर संभाग पंचायतराज चुनाव प्रभारी अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि चुनाव में संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की ओर से किसानों व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संचालित योजनाओं का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से इनकी जानकारी आमजन तक पहुंचाने की बात कही।

बैठक में जिला पंचायतराज चुनाव प्रभारी वीरमदेव सिंह ने पंचायत समिति और जिला परिषद क्षेत्रों में नियुक्त प्रभारियों से क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने और संभावित दावेदारों की जानकारी जुटाने को कहा। उन्होंने संगठन की ओर से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार काम पूरा करने पर जोर दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं से संगठन के निर्देशों के अनुरूप एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने प्रभारियों और समन्वयकों को आवेदकों से संबंधित फार्म निर्धारित समय में एकत्र कर जिला कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए।




**शर्मा समेत कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता**

बैठक के दौरान जहाजपुर क्षेत्र के कांग्रेस नेता बनवारी शर्मा ने 250 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत किया।

बैठक में विधायक गोपीचंद मीणा, जब्बरसिंह सांखला, उदयलाल भड़ाना, लालाराम बैरवा, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, उपमहापौर राधेश्याम सोमानी, रामपाल शर्मा, अनिल बल्दवा सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फसल बर्बादी से किसानों में आक्रोश, मुआवजे और बीमा भुगतान की मांग

## अतिवृष्टि, कीट-रोग और जंगली जानवरों से फसलों को नुकसान, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

अतिवृष्टि और अनियमित बारिश के साथ जंगली सुअरों व सियारों के आतंक ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। प्रतापपुरा सहित आसपास के गांवों में मक्का, ज्वार, उड़द, मूंग, कपास और मूंगफली की फसलों को नुकसान होने से किसान आक्रोशित हैं। किसानों ने अब प्रशासन से तत्काल फसल क्षति का आकलन करवाकर मुआवजा और बीमा राशि दिलाने की मांग उठाई है।

समाजसेवी शंकरलाल गाडरी के नेतृत्व में किसानों ने केंद्र और राज्य सरकार के कृषि मंत्रियों के नाम उपखंड अधिकारी शाहपुरा को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि तारबंदी के बावजूद जंगली सुअर और सियार खेतों में प्रवेश कर खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों की लागत और मेहनत दोनों प्रभावित हुई हैं।

किसानों ने राजस्व विभाग से शीघ्र गिरदावरी करवाकर वास्तविक फसल खराबे की रिपोर्ट तैयार करने, फसल खराबा राहत योजना के तहत मुआवजा देने तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जल्द सर्वे करवाकर बीमा राशि खातों में जमा कराने की मांग की।

इसके साथ ही जंगली सुअरों और सियारों के नियंत्रण के लिए वन विभाग से विशेष अभियान चलाने, क्षतिग्रस्त तारबंदी की मरम्मत और




स्थानीय स्तर पर प्रभावी उपाय करने की मांग भी रखी गई।

किसानों ने कहा कि फसल खराब होने से कई परिवार आर्थिक संकट और कर्ज के दबाव में हैं। समय पर राहत और बीमा भुगतान नहीं मिला तो उनकी परेशानी और बढ़ सकती है।

ज्ञापन देने वालों में बलदेव गाडरी, उस्मान खान, बद्री भील, भंवर गाडरी, कालू वैष्णव, सत्तू भोपा, गोपाल गाडरी, जगदीश गाडरी तथा परमेश्वर सहित किसान मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय तैराकी में जानू ने जीते दो कांस्य पदक

## 100 मीटर बटरफ्लाई और 4X100 मीटर मेडले रिले में हासिल किया पदक, विद्यालय में सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

70वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदलियास की छात्रा जानू रेगर ने दो कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया। कोटा में आयोजित 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता में जानू ने 100 मीटर बटरफ्लाई तथा 4म100 मीटर मेडले रिले में कांस्य पदक हासिल किया।

जानू की उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया



गया। संस्था प्रधान मीनाक्षी शर्मा और विद्यालय स्टाफ ने उसे बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने भी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताई। विद्यालय में तरणताल की सुविधा नहीं होने के बावजूद विद्यार्थी तालाब में अभ्यास कर तैराकी प्रतियोगिताओं की तैयारी करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के खिलाड़ी हर वर्ष जिला स्तर पर पदक हासिल कर रहे हैं और पहली बार राज्य स्तर पर दो कांस्य पदक जीतना क्षेत्र के लिए उपलब्धि है।

विद्यालय स्टाफ ने जानू की सफलता का श्रेय शारीरिक शिक्षक राधेश्याम वैष्णव के मार्गदर्शन को देते हुए बधाई दी। सम्मान समारोह में विनोद पारीक, अनिल छापरवाल, कालूलाल, नारायण जाट, रामकिशन चौधरी, लक्ष्मण मीणा, छीतरमल गाडरी, मुरलीधर, सुरेश सुवालका, रजनीश शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# जेसीबी से चंबल लाइन क्षतिग्रस्त, तीन दिन से जलापूर्ति ठप

## किशनगढ़ में बिजली विभाग के काम के दौरान मेन लाइन टूटने की बात, मरम्मत नहीं होने से ग्रामीण परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

किशनगढ़ पंचायत क्षेत्र में चंबल की पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने से पिछले तीन दिन से जलापूर्ति बाधित है। पानी नहीं आने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चंबल विभाग के अनुसार, बिजली विभाग के ठेकेदार की जेसीबी से काम के दौरान मेन लाइन कई जगह क्षतिग्रस्त हुई है।

चंबल विभाग के सुपरवाइजर नरेश कुमार धाकड़ ने बताया कि करीब तीन दिन पहले किशनगढ़ में बिजली विभाग के ठेकेदार की जेसीबी से



काम किया जा रहा था। इस दौरान चंबल की मेन लाइन कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई। ठेकेदार और जेसीबी संचालक को इसकी जानकारी दी गई है, लेकिन अभी तक लाइन की मरम्मत नहीं हो सकी है।

प्रशासक प्रतिनिधि नंदलाल मीना ने बताया कि तीन दिन से पानी की सप्लाई बंद है। उनका कहना है कि दोनों विभागों के बीच जिम्मेदारी स्पष्ट नहीं होने से समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है और इसका असर ग्रामीणों पर पड़ रहा है।

**तत्काल मरम्मत की जरूरत**

तीन दिन से जलापूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों में परेशानी बढ़ रही है। ऐसे में संबंधित विभागों से क्षतिग्रस्त लाइन की जल्द मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की जा रही है। साथ ही यह भी स्पष्ट करने की जरूरत है कि लाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में मरम्मत की जिम्मेदारी किसकी है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

# आमजन के काम अटके, पार्षदों ने नगर पालिका में किया प्रदर्शन

## स्थायी स्टाफ के अभाव में व्यवस्थाएं प्रभावित, सफाई और सड़क समस्याओं पर जताई नाराजगी

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद

अमित जैन

नगर पालिका में पर्याप्त स्थायी स्टाफ की व्यवस्था नहीं होने से कामकाज प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने सोमवार को पालिका कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। पार्षदों ने आमजन से जुड़े कार्यों में हो रही देरी और क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर नगर पालिका प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई।

पार्षद मुनीर लुहार ने कहा कि नगर पालिका बने करीब एक वर्ष हो चुका है, लेकिन अभी तक स्थायी



स्टाफ की नियुक्ति नहीं हुई है। इसका असर पालिका के दैनिक कामकाज पर पड़ रहा है। लोगों को अपने छोटे-बड़े कार्यों के लिए बार-बार पालिका कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

पार्षदों ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि कई स्थानों पर कचरे के ढेर लगे हैं और गली-मोहल्लों की सड़कें भी खराब स्थिति में हैं। इससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षदों ने अधिकारियों की समय पर उपस्थिति नहीं होने का आरोप लगाते हुए व्यवस्था में सुधार की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने स्थायी स्टाफ की नियुक्ति, नियमित सफाई व्यवस्था, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और आमजन के लंबित कार्यों का समयबद्ध निस्तारण कराने की मांग रखी।

इस दौरान पार्षद इस्माईल लुहार, सद्दाम हुसैन, हमीद लुहार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### युवा कांग्रेस चुनावः अजय राज सिंह बने विधानसभा अध्यक्ष, धर्मराज गुर्जर को ब्लॉक की कमान

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



अजयराज सिंह
विधानसभा अध्यक्ष



धर्मराज गुर्जर
ब्लॉक अध्यक्ष मांडलगढ़

युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं ब्लॉक के पदाधिकारियों की स्थिति स्पष्ट हो गई है। चुनाव में सभी प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिए मतदान में हिस्सा लिया। प्राप्त मतों के आधार पर अधिक मत पाने वाले प्रत्याशियों को क्रमशः अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं महासचिव पद प्रदान किया गया।

मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अजय राज सिंह ने सर्वाधिक 3,720 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद हासिल किया। वहीं किशन लाल तेली ने 3,044 मत प्राप्त कर उपाध्यक्ष तथा नरेश कुमार धाकर ने 2,778 मत प्राप्त कर महासचिव पद प्राप्त किया।

इसी प्रकार मांडलगढ़ ब्लॉक में धर्मराज गुर्जर ने 3,008 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद हासिल किया। दुर्गेश कंजार 1,153 मतों के साथ उपाध्यक्ष तथा गजराज सिंह कनावत 782 मतों के साथ महासचिव बने।

### रजत पदक जीतकर गांव लौटी हरसिद्धि, ढोल-नगाड़ों से हुआ स्वागत

10 मीटर ओपन राइफल शूटिंग में प्रदेश में दूसरा स्थान, राष्ट्रीय स्तर पर चयन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राइफल शूटिंग में जिले का नाम रोशन करने वाली हरसिद्धि राणावत के गांव लौटने पर उत्सव जैसा माहौल रहा। 70वीं राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता-2026 में 10 मीटर ओपन राइफल शूटिंग में रजत पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई हरसिद्धि का बांसड़ा (बिलिया) पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से स्वागत किया।

ग्रामीणों ने कहा कि हरसिद्धि की उपलब्धि से न केवल बांसड़ा बल्कि पूरे भीलवाड़ा जिले का गौरव बढ़ा है।इस दौरान गांव के कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

### स्मित मच्छार के स्वास्थ्य लाभ के लिए वैदिक अनुष्ठान

150 वैदिक छात्रों व विद्वानों ने किया 2.25 लाख मंत्रों का सामूहिक जाप

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।



बरुन्दनी स्थित श्री मुनिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम वेद संस्थान में स्मित मच्छार के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और दीर्घायु की कामना को लेकर विशेष वैदिक अनुष्ठान आयोजित किया गया। यजुर्वेदाचार्य उदयलाल शर्मा के निर्देशन में वैदिक विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न हुआ।

अनुष्ठान में संस्थान के करीब 150 वैदिक छात्र, वेदाचार्य एवं विद्वान शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से करीब 2.25 लाख मंत्रों का जाप कर स्मित मच्छार के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

संस्थान के प्रबंधक मुरलीधर पंचोली ने कहा कि सनातन परंपरा में सभी के कल्याण की भावना निहित है। इसी भावना के तहत अनुष्ठान के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की गई।

समापन पर वेदाचार्यों ने शांति पाठ किया और स्मित मच्छार के शीघ्र स्वस्थ होने एवं दीर्घायु की सामूहिक प्रार्थना की।

### बंद दुकान से उठने लगा धुआं, कुछ ही देर में लपटों ने घेरा; मोची मार्केट में मची अफरा-तफरी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




भोपालगंज स्थित मोची मार्केट में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, जब लंबे समय से बंद पड़ी एक दुकान से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया। कुछ ही देर में दुकान के भीतर से आग की लपटें उठने लगीं। बाजार के बीच आग की सूचना फैलते ही आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर एकत्र हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कुछ ही समय में दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। बाजार की संकरी गली और मौके पर जुटी भीड़ के बीच फायर फाइटर्स ने सावधानी से मोर्चा संभाला। पानी की बौछारों के जरिए आग को फैलने से रोकते हुए काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

जानकारी के अनुसार दुकान काफी समय से बंद थी और खाली पड़ी हुई थी। ऐसे में आग किस वजह से लगी, इसका तत्काल पता नहीं चल सका। आग से दुकान में कितना नुकसान हुआ है, इसका भी आकलन नहीं हो पाया है। घटना के दौरान बाजार में कुछ समय तक लोगों के बीच चिंता और दहशत का माहौल बना रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।